पाइपलाइन लीकेज संधारण एवं मरम्मत के लिए28 जून को लिया जाएगा शट डाउन, भिलाई निगम क्षेत्र में पानी सप्लाई होगी प्रभावित

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 28 जून को द्वितीय पाली में एवं 29 जून को दोनों पाली में पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। शिवनाथ इंटक वेल जल शोधन संयंत्र से आने वाली रा वाटर पाइप लाइन 1200 एमएम डाया पुलगांव चौक से नयापारा चौक के बीच लीकेज हो गया है। इसके मरम्मत एवं संधारण के लिए शट डाउन किया जाएगा ताकि पाइपलाइन के लीकेज का मरम्मत अतिशीघ्र किया जा सके। लीकेज का संधारण 28 जून 2023 को किया जाएगा जिसके लिए इंटक वेल एवं जल शोधन संयंत्र पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जिसके चलते निगम क्षेत्र में दिनांक 28 जून 2023 को द्वितीय पाली में तथा दिनांक 29 जून 2023 को प्रथम एवं द्वितीय पाली में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। इस दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभी जोन आयुक्त को जल प्रदाय के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तथा अन्य जल स्रोतों से व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।